Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding drinking water problem in Jhunjhunu Parliamentary Constituency, Rajasthan- laid

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू) : झुंझुनू (राजस्थान) के विधानसभा क्षेत्र उदयपुर व सूरजगढ़ के सम्पूर्ण क्षेत्र में पानी की कमी है । शहरों व ग्रामों में विभागीय पेयजल व्यवस्था है जो पूर्णतः भू जल पर आधारित है । जल स्त्रोत नलकूप/हैंडपंप सूख रहे हैं । पेयजल की समस्या के स्थाई समाधान हेतु सूरजगढ़ एवं उदयपुरवाटी विधान सभ क्षेत्र के 85 ग्रामों व ढाणियों हेतु कृमशः राशि रूपये 718.41 करोड़ रुपए एवं 61 2.25 करोड़ रुपए की योजना की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 25.04. 2016 राज्य सरकार द्वारा जारी की जा चुकी है । वर्ष 2016-17 के बजट घोषणा में इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा बहुराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से मिले वित्त पोषण के माध्यम से कार्य प्रारंभ करवाने की घोषणा की गई । दिनांक 1 6.5.20 1 8 को भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय (MOWS) द्वारा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (DEA) की स्वीकृति हेतु भिजवाई गई थी । जायका की बाह्य वित्तीय सहायता हेतु इस संबंध में दिनांक 22.4.2019 को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में Department of Economic Affairs के निदेशक श्री अविनाश कुमार मिश्रा द्वारा जन स्वा.अभि.विभाग जयपुर राज. जायका के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की जा चुकी है व दिनांक 01.06.2019 को जायका मिशन द्वारा जाय वित्तीय सहायता प्रदान करने जायका के रोलिंग प्लान में शामिल करने हेतु सूरजगढ व उदयपुर वाटी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा भी किया जा चुका है । अतः सरकार से साग्रह अनुरोध है कि क्षेत्र में पेयजल समस्या की गंभीरता को देखते हुए इस संबंध में त्वरित आवश्यक कार्यवाही कर मेरे संसदीय क्षेत्र की पेयजल संकट से जूझती जनता को राहत प्रदान करने का कष्ट करें ।